अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत काजरी, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में किसानों को खरीफ में बीज का वितरण

भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर में अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत 1 जुलाई 2025 को खरीफ ऋतु में अनुसूचित जाति के किसानों को ग्वार एवं मोठ उन्नत किस्मों के बीजों का वितरण किया। यह वितरण किसानों के खेत में दो बीघा जमीन में प्रदर्शन करने के लिए किया गया। इस योजना के अन्तर्गत बदरासर गांव (बीकानेर तहसील) से 51 किसानों को इस योजना द्वारा लाभान्वित किया गया। इस योजना में 51 किसानों (3 महिला एवं 48 पुरूष) को ग्वार एवं मोठ के 255 किलो ग्राम बीज दिया गया। बीज वितरण का यह कार्यक्रम में प्रादेशिक अनुसंधान स्थात्र, बीकानेर के अध्यक्ष डॉ. नवरतन पंवार के निर्देशन में किया गया। अनुसूचित जाति उप योजना के समन्वयक डॉ. गोपाल लाल बागड़ी, प्रधान वैज्ञानिक ने अनुसूचित जाति उप योजना के बारे में बतातें हुये किसानों को बारानी एवं सिंचित खेती की उन्नत तकनीकी के बारे में अवगत कराया। डॉ. नारायण सिंह नाथावत प्रधान वैज्ञानिक ने बताया की अनुसूचित जाति के किसानों के हित के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं यह अनुसूचित जाति उप योजना किसानों के लिए फसल उत्पादन बढ़ाने में वरदान साबित होगी और संस्थान द्वारा इस योजना में किसानों को अधिक से अधिक लाभ देने की कोशिश सतत की जा रही है। इस कार्यक्रम को आयोजित करने में डॉ. सीताराम तकनिकी अधिकारी एवं हरीराम चौहान सहयोगी रहे।